<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में नवागन्तुक विद्यार्थियों हेतु ओरियन्टेशन कार्यक्रम

पंतनगर। 12 जनवरी 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में नवागन्तुक विद्यार्थियों हेतु ओरियन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल के साथ-साथ संकाय के विभागाध्यक्ष, प्लेसमेंट समन्वयक, बाहरी परीक्षा प्रकोष्ठ समन्वयक तथा पुस्तकालय कार्य प्रभारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन परिवार संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष, डा. सीमा क्वात्रा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभाग में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। वस्त्र एवं परिधान विभाग तथा गृहविज्ञान प्रसार विभाग, डा. शहनाज जहाँ ने वस्त्र एवं परिधान विभाग से संबधित पाठ्यक्रमों एवं कैरियर की सम्भावनाओं के बारे में बताया। मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष, डा. मनीषा गहलोत; खाद्य एवं पोषण विभाग की विभागाध्यक्ष, डा. अनुराधा दत्ता; बाहरी परीक्षा प्रकोष्ठ समन्वयक, डा. अर्चना कुशवाहा तथा पुस्तकालय कार्यप्रभारी श्रीमती पूनम ने भी अपने-अपने विभागों की गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इसके उद्देश्य एवं सामुदायिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए महाविद्यालय को और ऊँचाई पर ले जाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन को-स्टाफ काउंसलर, डा. शेफाली मैसी द्वारा किया गया।